# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

E.mail : registrar@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ Website : www.ccsuniversity.ac.in


पत्रांक :– आर०ओ० / 1776 / 2026–27 दिनांक :– 22-09-2026

## कार्यालय आदेश

विशेष कार्याधिकारी, भा०प्र०से० (से०नि०), श्री राज्यपाल (अपर मुख्य सचिव स्तर), राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय पत्र संख्याः ई०– 6226 / 32–जी०एस० / 2026 दिनांक 19 सितम्बर 2026 के द्वारा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD-27) क्विज प्रतियोगिता में अधिकतम युवाओं की प्रतिभागीता सुनिश्चित किये जाने के संबंध में निर्देश प्रदान किए गए हैं।

उक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद की जयंती (12 जनवरी) के अवसर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव (NYF) को प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' विजन के अनुरूप 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' (VBYLD) के रूप में नया स्वरूप दिया गया है। उक्त के क्रम में जनवरी 2027 में नई दिल्ली में NYF-VBYLD-2027 का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से 15 से 29 वर्ष के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने और माननीया प्रधानमंत्री जी से सीधे संवाद का अवसर प्राप्त होगा।

इस चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण के रूप में 22 भाषाओं में ''विकसित भारत क्विंज'' आयोजित की जा रही है, जो भार और विकसित भारत की परिकल्पना से जुड़े सामान्य ज्ञान पर आधारित होगी। इसमें अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वयंसेवक अपने माय भारत प्रोफाईल पेज से रेफरल कोड जनरेट कर सकते हैं। इसके साथ ही अपने रेफरल कोड से अधिकतम सहभागिता कराने वाले स्वयंसेवकों को दिल्ली के मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी से संवाद का विशेष अवसर भी मिल सकता है।

माननीया कुलपति जी द्वारा उक्त पत्र में वर्णित निर्देशों के क्रम में ''विकसित भारत क्विज'' के आयोजन हेतु प्रो० नीलू जैन गुप्ता एवं प्रो० के०के० शर्मा को नामित किया गया है।

प्रो० नीलू जैन गुप्ता एवं प्रो० के०के० शर्मा को उक्त पत्र की प्रति इस आशय के साथ प्रेषित की जा रही है कि उपर्युक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार प्रश्नगत प्रकरण पर आवश्यक कार्यवाही करने एवं कृत कार्यवाही की आख्या राज्यपाल सचिवालय को प्रेषित करने हेतु अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) प्रो० नीलू जैन गुप्ता, जन्तु विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
(2) प्रो० के० के० शर्मा, इतिहास विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
(3) समस्त अध्यक्ष / समन्वयक / निदेशक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
(4) वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
(5) वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी महोदय के सूचनार्थ।
(6) वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।
(7) सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव